[This question paper contains 4 printed pages.]

221 *आपका अनुक्रमांक* __________

B.A. (Programme) / I Sem. B

HINDI LANGUAGE (C) – Paper IA

हिन्दी (ग) – प्रश्न-पत्र IA

आधुनिक भारतीय भाषा

(प्रवेश वर्ष 2011 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे *पूर्णांक : 75*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

सभी *प्रश्न अनिवार्य हैं।*

1. 'हिन्दी' से आप क्या समझते हैं ? हिन्दी के हिन्दी-भाषी क्षेत्रों का परिचय दीजिए।

अथवा

विश्व में हिन्दी की स्थिति पर प्रकाश डालिए। (7)

2. भाषा और बोली का अन्तर बताइए। (7)

3. हिन्दी वर्तनी के मानकीकरण से सम्बन्धित मुख्य नियमों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'मानक' भाषा किसे कहते हैं ? हिन्दी भाषा के मानकीकरण की आवश्यकता क्यों पड़ी ? (7)

4. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए :

मनुष्य, वीर, अधिक, उचित (2)

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में से संख्यावाचक व परिमाणवाचक विशेषण छाँटिए :

(i) मोहन ने नौकर को दुकान से दो किलो चने की दाल तथा एक झाड़ू लाने के लिए कहा।

(ii) एक किलो सेब तथा एक दर्जन केले लाना। (2)

(ग) क्रिया छाँटिए :-

(i) गरीबों ने खाना खाया।

(ii) मदारी बंदर को नचा रहा है। (2)

5. किन्हीं तीन के विलोम लिखिए :

उन्नति, इच्छा, सृजन, अंधकार, न्यून (3)

6. किन्हीं तीन के दो-दो पर्यायवाची लिखिए :

आकाश, जल, नदी, कमल, बादल, पत्ता (3)

7. किन्हीं तीन शब्दों को शुद्ध करके लिखिए :

रिषी, श्रीमति, कृप्या, भूगोलिक, स्वास्थय (3)

8. किन्हीं तीन वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :

(i) चार केला कितने का दोगे ?

(ii) मैं मेरा काम करूँगा तुम तुम्हारा।

(iii) अनेकों व्यक्तियों ने जुलूस में भाग लिया।

(iv) उसका माता-पिता बहुत अच्छा है।

(v) तुमने मेरे से झूठ क्यों बोला ? (3)

9. किन्हीं छः मुहावरों और लोकोक्तियों का अर्थ बताते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

(i) आँखें मूँदना।

(ii) जी चुराना।

(iii) नौ दो ग्यारह होना।

(iv) कान पर जूँ न रेंगना।

(v) काला अक्षर भैंस बराबर।

(vi) एक अनार सौ बीमार।

(vii) अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत। (6)

10. किसी एक विषय का पल्लवन कीजिए :

(i) जहाँ चाह, वहाँ राह।

(ii) मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना।

(iii) पराधीन सपनेहुँ सुख नाही। (8)

11. अपनी कॉलेज-लाइब्रेरी में प्रकाश-व्यवस्था को ठीक कराने हेतु अपने महाविद्यालय के प्राचार्य को पत्र लिखिए। (10)

अथवा

अपने मित्र को पत्र लिखते हुए महाविद्यालय में अपने प्रथम अनुभव के विषय में बताइए।

12. किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :

(क) बाढ़ का दृश्य।

(ख) दिल्ली मैट्रो।

(ग) गणतंत्र दिवस की परेड।

(घ) रेल दुर्घटना – एक मानवीय त्रासदी। (12)